# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

## अभ्यास प्रश्न-पत्र

## सत्र: 2025-2026

## कक्षा - ग्यारहवीं

## समाजशास्त्र ( कोड : 039 )

**अवधि: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश :**

**1. प्रश्न पत्र को चार खंडों में बांटा गया है।**

**2. कुल 35 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**3. खंड क में प्रश्न संख्या 1-16 है । ये बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रश्न के अनुसार, एक उत्तर हो सकता है।**

**4. खंड ख में प्रश्न संख्या 17-25 है । ये बहुत ही लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

**5. खंड ग में प्रश्न संख्या 26-32 है। ये लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।**

**6. खंड घ में प्रश्न संख्या 33- 35 है । ये दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

| | खंड क | |
|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन “अभिकथन(A)” के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन “कारण (R)” के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A): सरल और पारंपरिक समाजों में व्यक्ति की सामाजिक स्थिति आमतौर पर जन्म से निर्धारित होती है।<br>कारण (R) : ऐसे समाजों में आयु, जाति, प्रजाति और नातेदारी संबंध जैसे तत्व व्यक्ति की प्रदत्त प्रस्थिति तय करते हैं, न कि उसकी व्यक्तिगत उपलब्धियाँ या क्षमताएँ।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : शक्ति केवल दूसरों पर नियंत्रण और दंड के माध्यम से ही दिखाई देती है।<br>कारण (R) : शक्ति मार्गदर्शन, प्रभाव, और विभिन्न सामाजिक परिस्थितियों में ज़िम्मेदारियों के वितरण के माध्यम से भी प्रकट होती है।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |
| 3 | लोगों का जमावड़ा जो एक समय में एक ही स्थान पर एकत्र होते हैं पर एक-दूसरे से कोई निश्चित संबंध नहीं रखते, इसका अर्थ है कि –<br><br>I. उनका संबंध अस्थायी होता है।<br>II. वे नियमित रूप से आपस में संपर्क रखते हैं।<br>III. वह संगठित समूह नहीं होता।<br>IV. उनमें गहरे भावनात्मक संबंध होते हैं।<br><br>सही विकल्प चुनिए:<br>(क) I और II<br>(ख) I और III<br>(ग) II और IV<br>(घ) III और IV | 1 |
| 4 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : पहचान विरासत में नहीं मिलती अपितु यह व्यक्ति तथा समाज को इनके दूसरे व्यक्तियों के साथ संबंधों से प्राप्त होती है ।<br>कारण (R) : व्यक्ति को उसके द्वारा अदा की गई सामाजिक भूमिका ही पहचान प्रदान करती है।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |
| 5 | निम्नलिखित में से विवाह के बारे में कौन-सा कथन गलत है?<br>a) विवाह केवल दो व्यक्तियों के बीच एक जैविक संबंध है।<br>b) विवाह दो वयस्कों के बीच सामाजिक रूप से स्वीकृत संबंध है।<br>c) विवाह पति-पत्नी और उनके परिवारों के बीच संबंध स्थापित करता है।<br>d) विवाह सभी समाजों में एक सामाजिक संस्था के रूप में मान्यता प्राप्त है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | नौकरशाही दक्षता सुनिश्चित करती है और मनमाने अधिकारों को सीमित करती है क्योंकि–<br><br>a) यह कर्मचारियों को नियमों के बिना स्वतंत्र रूप से कार्य करने की अनुमति देती है।<br>b) कर्मचारियों के अधिकार उनकी जिम्मेदारियों के अनुसार सीमित होते हैं।<br>c) यह नौकरशाहों को पूर्ण शक्ति देती है।<br>d) यह सार्वजनिक संस्थाओं में नियमों की अनदेखी करती है। | 1 |
| 7 | नृजातिकेंद्रवाद सामाजिक तनाव उत्पन्न कर सकता है क्योंकि–<br>a) यह सभी संस्कृतियों के प्रति समान सम्मान को बढ़ावा देता है<br>b) यह लोगों को अपनी संस्कृति के मानदंडों के आधार पर अन्य संस्कृतियों का मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित करता है<br>c) यह समुदायों के बीच बेहतर समझ को बढ़ाता है<br>d) यह सांस्कृतिक पूर्वाग्रह को समाप्त करता है | 1 |
| 8 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : समाजशास्त्र को 'क्रांति के युग की संतान' कहा जाता है।<br>कारण (R) : ज्ञानोदय (वैज्ञानिक क्रांति), फ्रांसीसी क्रांति और औद्योगिक क्रांति ने समाज में मौलिक परिवर्तन किए, जिनसे समाजशास्त्र का उदय हुआ।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |
| 9 | 'त्रिदेव' के नाम से पुकारे जाने वाले विद्वानों में शामिल हैं–<br>a) राधाकमल मुकर्जी, डी.पी. मुकर्जी, घुर्ये<br>b) श्रीनिवास, डी.पी. मुकर्जी, डी. एन. मजूमदार<br>c) राधाकमल मुकर्जी, डी.पी. मुकर्जी, डी. एन. मजूमदार<br>d) राधाकमल मुकर्जी, डी. एन. मजूमदार, एलविन | 1 |
| 10 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : भारत में संघर्ष और विद्रोह परंपरा को पूरी तरह तोड़ने के बजाय उसमें परिवर्तन लाते हैं।<br>कारण (R) : भारत में परंपरा का लचीलापन यह सुनिश्चित करता है कि संघर्ष के दबाव से परिवर्तन तो होता है, पर परंपरा बनी रहती है।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | **दिए गए गद्यांश को पढ़ें**<br>**हम शुरुआत करते हैं कुछ सुझावों से जो प्रायः आप जैसे युवा विद्यार्थियों के सम्मुख रखे जाते हैं। एक सुझाव प्रायः दिया जाता है कि 'मेहनत से पढ़ाई करोगे तो जीवन में सफलता पाओगे।' दूसरा सुझाव यह होता है कि 'यदि आप इस विषय अथवा विषयों के समूह की पढ़ाई करोगे तो भविष्य में अच्छी नौकरी मिलने की ज़्यादा संभावना रहेगी।' तीसरा सुझाव इस प्रकार हो सकता है कि 'किसी लड़के के लिए यह विषय उपयुक्त नहीं दिखता' अथवा 'एक लड़की के तौर पर क्या आपके विषयों का चुनाव व्यावहारिक है?**<br><br>**दिए गए गद्यांश के आधार पर, प्रश्न 11 और प्रश्न 12 का उत्तर दें**<br><br>**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन विद्यार्थियों को दी जाने वाली सामान्य सलाह को दर्शाता है?**<br>**a) जीवन में सफलता केवल भाग्य पर निर्भर करती है।**<br>**b) मेहनत और लगन से पढ़ाई करने पर सफलता मिलती है।**<br>**c) केवल खेलों से ही जीवन में सफलता प्राप्त होती है।**<br>**d) कठिन विषयों का अध्ययन करने से बचना चाहिए।** | 1 |
| 12 | **"किसी लड़के या लड़की के लिए यह विषय उपयुक्त नहीं है" – इस कथन में कौन-सा सामाजिक विचार झलकता है?**<br>**a) यह शिक्षा में लैंगिक रूढ़िवादिता को दर्शाता है।**<br>**b) यह सभी विद्यार्थियों के लिए समान अवसरों को बढ़ावा देता है।**<br>**c) यह विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करता है।**<br>**d) यह केवल व्यक्तिगत रुचि के महत्व को दर्शाता है।** | 1 |
| 13 | **दिए गए गद्यांश को पढ़ें -**<br>**राजनैतिक परिवर्तन केवल अंतरराष्ट्रीय हो यह आवश्यक नहीं है बल्कि उनका बहुत बड़ा सामाजिक असर अपने देश पर भी पड़ा है। यद्यपि आपने इस प्रकार नहीं सोचा होगा, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सिर्फ़ राजनैतिक परिवर्तन, ब्रिटिश शासन के अंत के रूप में ही नहीं आया बल्कि उसने भारतीय समाज को भी निश्चित रूप से बदल डाला।**<br><br>**दिए गए गद्यांश के आधार पर प्रश्न 13 और 14 का उत्तर दीजिए।**<br><br>**भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रभाव के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सही है?**<br>**a) इसने केवल ब्रिटिश शासन को समाप्त करके राजनीतिक परिवर्तन लाया।**<br>**b) इसका भारतीय समाज पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा।**<br>**c) इसने भारत में राजनीतिक और सामाजिक दोनों प्रकार के परिवर्तन लाए।**<br>**d) यह मुख्य रूप से एक अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक घटना थी।** | 1 |
| 14 | **भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से होने वाले परिवर्तनों के सही क्रम का निर्धारण करें:**<br>**I. इस संघर्ष ने भारत में ब्रिटिश राजनीतिक नियंत्रण को समाप्त किया।**<br>**II. इसने भारतीय समाज में भी परिवर्तन लाए।**<br>**III. प्रारंभ में कुछ लोग इसके सामाजिक प्रभाव को नहीं समझ पाए।**<br>**IV. इस आंदोलन ने राजनीतिक और सामाजिक दोनों प्रकार के परिवर्तन किए।**<br><br>**सही क्रम बताइए**<br><br>**a) I., II., III., IV.**<br>**b) III., I., II., IV.**<br>**c) I., III., II., IV.**<br>**d) II., I., IV., III.** | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 15 | भूमिका स्थिरीकरण  समाज में पुरुषों और महिलाओं की भूमिकाओं से जुड़ी स्थायी धारणाओं को मजबूत करता है।<br>निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भूमिका स्थिरीकरण के बारे में सही है?<br><br>(क) यह पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता को बढ़ावा देता है।<br>(ख) यह सामाजिक भूमिकाओं में लचीलापन और परिवर्तन को प्रोत्साहित करता है।<br>(ग) यह पारंपरिक और अपरिवर्तनीय भूमिका अपेक्षाओं को मजबूत करता है।<br>(घ) यह लैंगिक भूमिकाओं पर आधारित भेदभाव को समाप्त करता है। | 1 |
| 16 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : लोग अक्सर उन समूहों की जीवनशैली और व्यवहार का अनुकरण करने की कोशिश करते हैं जिनसे वे वास्तव में संबंधित नहीं होते ।<br>कारण (R) :  ऐसे समूह, जिन्हें *संदर्भ समूह*  कहा जाता है, लोगों के लिए आदर्श बन जाते हैं और उनके चुनाव, दृष्टिकोण तथा मूल्यों को प्रभावित करते हैं।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |
| | **खंड ख** | |
| 17 | "बाज़ार विनिमय पर आधारित आर्थिक उद्‌यम, संपत्तियों और उत्पादन के साधनों के निजी स्वामित्व पर टिका होता है।"<br>स्पष्ट कीजिए कि पूँजीवाद को असमानता पर आधारित व्यवस्था क्यों माना जाता है। | 2 |
| 18 | स्वतंत्रता के बाद भारतीय समाजशास्त्र के विकास में भारतीय गाँवों के अध्ययन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गाँवों के अध्ययन ने सामाजिक परिवर्तन की गहन समझ प्रदान की और आधुनिक होते समाज में नृजातीय शोधकार्य की पद्‌धति की प्रासंगिकता को सिद्‌ध किया।<br><br>क्या आप इस बात से सहमत हैं कि गाँवों के अध्ययन ने स्वतंत्रता-उपरांत काल में भारतीय समाजशास्त्र को नई दिशा और प्रासंगिकता प्रदान की? कारण दीजिए। | 2 |
| | **अथवा** | |
| | अक्सर यह माना जाता है कि भारतीय समाज का अध्ययन केवल आदिम समुदायों तक सीमित था और समाजशास्त्र का आधुनिक भारत से कोई विशेष संबंध नहीं था। क्या यह धारणा सही है? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| 19 | “समाजशास्त्र इस बात का अध्ययन करता है कि व्यक्ति का व्यवहार आर्थिक, राजनीति, परिवार और संस्कृति जैसे सामाजिक संस्थानों द्वारा कैसे निर्मित होता है।”<br>क्या यह कथन उचित है? अपने उत्तर को कारणों सहित स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 20 | सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए औपचारिक और अनौपचारिक सामाजिक नियंत्रण दो महत्वपूर्ण माध्यम हैं।<br>औपचारिक और अनौपचारिक सामाजिक नियंत्रण के बीच दो अंतर लिखिए। | 2 |
| 21 | “परिवार वह स्थान है जहाँ लिंग असमानता दोहराई जाती है।” अपने शब्दों में इस कथन का अर्थ स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 22 | विद्यालय छात्र का समाजीकरण किस प्रकार करता है? | 2 |
| | अथवा | |
| | जन माध्यम हमारे जीवन का अहम हिस्सा किस प्रकार बन गए हैं? | |
| 23 | “हम अक्सर आधुनिक अर्थव्यवस्था को ऐसा मानते हैं मानो वह सरल और पारंपरिक हो।”<br>आप इस कथन को गलत कैसे सिद्ध करेंगे? | 2 |
| 24 | “सांस्कृतिक परिवर्तन वह तरीका है जिसके द्वारा समाज अपनी संस्कृति के प्रतिमानों को बदलता है। परिवर्तन के लिए प्रेरणा आंतरिक या बाहरी हो सकती है।”<br><br>यदि कोई समाज सांस्कृतिक परिवर्तन का अनुभव करे तो क्या होगा? | 2 |
| 25 | “मानदंड अस्पष्ट नियम हैं। फ्रेंच समाजशास्त्री पियरे बोरद्यू ने हमें याद दिलाया है कि जब हम किसी अन्य संस्कृति के मानकों को जानने का प्रयास करते हैं तो हमें याद रखना चाहिए कि उनमें कुछ अस्पष्ट आपसी समझ होती है।”<br><br>सामाजिक मानदंड को समाज में कैसे समझा जाता है? उदाहरण दें। | 2 |
| | खंड ग | |
| 26 | “भारत के कई हिस्सों में वंश और उत्तराधिकार पितृसत्तात्मक प्रणाली पर आधारित है।”<br>ऐसी स्थिति में महिलाओं के संपत्ति और उत्तराधिकार अधिकारों को सुधारने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम बताइए। | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| 27 | **सामाजिक स्तरीकरण समाज में मौजूद उन संरचनात्मक असमानताओं को दर्शाता है जो भौतिक या प्रतीकात्मक लाभों तक पहुँच के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच पाई जाती हैं।**<br>**उपयुक्त कारणों सहित इस कथन को उचित ठहराइए।** | **4** |
| 28 | **आधुनिक तकनीक के बावजूद पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित रखने का महत्व स्पष्ट कीजिए।** | **4** |
| 29 | **सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार केवल लंबे संघर्षों के माध्यम से ही स्थापित हुआ। क्या इससे पिछले काल की सभी असमानताएँ समाप्त हो गईं? अपने उत्तर के लिए कारण स्पष्ट कीजिए।** | **4** |
| 30 | **ए.आर. देसाई ने अपने निबंध *"द मिथ ऑफ़ द वेलफेयर स्टेट"* में आधुनिक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का मार्क्सवादी दृष्टिकोण से आलोचनात्मक विश्लेषण किया।**<br>**देसाई द्वारा बताए गए चार तरीकों को स्पष्ट कीजिए, जिनके आधार पर कल्याणकारी राज्य के कार्यों का परीक्षण किया जा सकता है।** | **4** |
| 31 | **"औद्योगिक क्रांति ने न केवल उत्पादन प्रणाली को परिवर्तित किया, बल्कि सामाजिक जीवन में भी बड़े बदलाव लाए।'**<br>**दिए गए कथन का कारण औद्योगिक क्रांति के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।** | **4** |
| | **अथवा** | |
| | **मार्क्स ने समाज को *उत्पादन प्रणाली (mode of production)* के रूप में वर्णित किया है, जिसमें *उत्पादक शक्तियाँ* और *उत्पादन संबंध* – दोनों शामिल होते हैं।**<br>**मार्क्स की आर्थिक अवधारणा के संदर्भ में दिए गए कथन को उचित ठहराइए।** | |
| 32 | **एम.एन. श्रीनिवास और लुई ड्यूमों दोनों ने भारतीय गाँवों का अध्ययन किया। स्पष्ट कीजिए कि ग्रामीण समाज के प्रति उनके विचारों में किस प्रकार अंतर था।** | **4** |
| | **खंड घ** | |
| 33 | **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br><br>**"प्रकार्यवादियों के अनुसार परिवार अनेक महत्त्वपूर्ण कार्य करता है जो समाज की बुनियादी आवश्यकताएँ पूरी करते हैं और सामाजिक व्यवस्था को स्थायी बनाने में सहायता करते हैं। प्रकार्यवादी दृष्टिकोण का तर्क है कि यदि महिलाएँ परिवार की देखभाल करें और पुरुष परिवार की जीविका चलाएँ तो आधुनिक औद्योगिक समाज श्रेष्ठ कार्य निष्पादन करते हैं।"**<br><br>**(a) प्रकार्यवादी परिवार की भूमिका को समाज में किस प्रकार देखते हैं?**<br>**(b) प्रकार्यवादी दृष्टिकोण के अनुसार पुरुषों और महिलाओं की क्या भूमिकाएँ हैं?** | **4**<br>**2** |

| | | |
|---|---|---|
| 34 | **युवाओं में पाई जाने वाली 'दोहरी-संस्कृति' या 'युवा असंतोष' सामाजिक मानदंडों के विरोध या अस्वीकृति के कारण उत्पन्न होता है। चर्चा करें कि 'युवा असंतोष' के मुख्य कारण क्या हैं।** | 6 |
| 35 | **दुर्खाइम द्वारा वर्णित *यांत्रिक एकता* की विशेषताएँ बताइए और समझाइए।** | 6 |